पाठ - 3

नटखट बंदर

शब्दार्थ -

1.नटखट - शरारती

2.हाज़िर - उपस्थित

3.अकड़ - शेखी

4.आईना - दर्पण , शीशा

5.दाँत पीसना - गुस्सा करना

6.खतरनाक – नुकसानदेह

निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए -

1. बबुआ बंदर कैसा था ?

उत्तर - बबुआ बंदर बहुत नटखट था।

2. बबुआ बंदर क्यों घबरा गया ?

उत्तर - बबुआ बंदर शिकारी कुत्तों को देखकर घबरा गया।

3. आईना दिखाकर उसने क्या किया ?

उत्तर- आईना दिखाकर उसने सबको डराया।

4. शेखू शेर ने बबुआ बंदर से क्या कहा ?

उत्तर- शेखू शेर ने बबुआ बंदर से कहा कि - "अगर आपको मेरी जरूरत पड़े तो बताना में हाज़िर हो जाऊंगा " ।

5. बबुआ किससे डरकर भागा ?

उत्तर - बबुआ शिकारी कुत्तों से डरकर भागा।

6. बबुआ की सारी अकड़ गायब क्यों हो गई?

उत्तर- जब जानवरों को उसकी असलियत पता चली तो बबुआ की सारी अकड़ चली गई।

7. बबुआ कौन था ?

उत्तर - बबुआ एक नटखट बंदर था।

8. एक दिन उसे क्या मिला ?

उत्तर - एक दिन उसे एक थैला मिला।

9. शेखू शेर क्यों डर गया ?

उत्तर - शेखू शेर आईने में अपनी तस्वीर देखकर डर गया।

10. बंदर पेड़ पर क्यों चढ़ गया ?

उत्तर - बंदर शिकारी कुत्तों से डरकर पेड़ पर चढ़ गया।